ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 28-03-2023

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2023-03-28 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2023-03-29	2023-03-30	2023-03-31	2023-04-01	2023-04-02
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	4.0	12.0	20.0
अधिकतम तापमान(से.)	30.0	30.0	31.0	27.0	24.0
न्यूनतम तापमान(से.)	13.0	14.0	15.0	13.0	12.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	70	75	80	80	85
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	30	30	35	40	40
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	8.0	8.0	10.0	12.0	10.0
पवन दिशा (डिग्री)	320	250	250	100	130
क्लाउड कवर (ओक्टा)	2	4	6	7	5

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (21-27 मार्च , 2023) में 68.8 मिमी वर्षा हुई व आसमान साफ रहने के साथ घने बाादल छाये रहें। अधिकतम तापमान 21.6 से 29.5 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 11.4 से 16.1 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 82 से 91 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 33 से 68 प्रतिशत एवं हवा 1.3 से 5.4 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पश्चिम-उत्तर-पश्चिम व पूर्व दक्षिण पूर्व दिशा से चली| आगामी पांच दिनों में, 30-31 मार्च व 01 अप्रैल को गरज व तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है तथा शेष दिन हल्के बादल छाए रहेंगे ।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉ इड उपयोगकर्ताओं) ओं ओं और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) ओं ओं से डाउनलोड किया जा सकता है|

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, 30-31 मार्च व 01 अप्रैल को गरज व तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है तथा शेष दिन हल्के बादल छाए रहेंगे ।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
मूँग	मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर मूंग की बुवाई करें तराई क्षेत्र में मूंग की बुवाई मार्च के अंत तक कर लें।
चारा मक्की	मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर चारे वाली फसलों -लों चरी, मक्का, बाजरा, मकचरी, लोबिया और ज्वार आदि की बुवाई मार्च माह में कर सकते है।
गेहूँ	मौसम विज्ञान विभाग के प्राप्त आंकड़ों के अनुसार अधिक वर्षा होने पर किसान भाई अपनी गेंहू की फसल में उचित जल निकासी का प्रबन्ध करें ताकि जल भराव की समस्या उत्पन्न न हो ।
सरसों	राई की तैयार फसल की इस समय कटाई व मड़ाई न करें तथा कटी फसल को किसी ऊँचे व सुरक्षित स्थान पर रख दें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
आम	आम में गुम्बा (मालफॉरमेसन) होने की दशा में इसको तुरन्त कैची से काटकर निकालते हुए गड्ढा खोदकर उसमे दवा दें।
टमाटर	टमाटर फसल प्रक्षेत्र में वर्षा जल निकासी की व्यवस्था रखें तथा कीटनाशक/उर्वरक का प्रयोग स्थगित करें ।
बैंगन	बैगन की पूर्व में रोपी गई फसल में उचित जल निकासी की व्यवस्था बनाये रखें ।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	गर्भवती पशुओ में प्यूरपरल बुखार को रोकने के लिए, प्रतिदिन 50-60 ग्राम खनिज मिश्रण को पशुओं की प्रतिरक्षा को बढ़ाने हेतु आहार के रूप में दें। इस समय पशुओं में बॉझपन और जोहन की बीमारी होने की अधिक संम्भावना है। इस स्थिति में पशुओ का तत्काल इलाज करवाए। भैंसों के बछड़े जिनकी उम्र 2 माह के आस-पास हो गई है, उनको कृमिनाशक दवा दें।